| |
|---|
| दिनांक 16.08.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 24/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद शाहजहाँपुर/थाना रोजा

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनॉकः 16.08.2025 को थाना रोजा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मुकरपुरम के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त मुजम्मिल को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना रोजा पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद शाहजहाँपुर के विभिन्न थानों पर सीएस एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के कई अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना रोजा पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—मुजम्मिल निवासी ग्राम भटपुरा रसूलपुर थाना सिंधौली जनपद शाहजहाँपुर।

## जनपद बागपत/थाना कोतवाली बागपत

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनॉकः 15.08.2025 को थाना कोतवाली बागपत पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पक्का घाट के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त संजय को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना कोतवाली बागपत पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद बागपत के विभिन्न थानों पर चोरी, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 08 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली बागपत पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–संजय निवासी कोर्ट रोड कस्बा बागपत थाना कोतवाली बागपत जनपद बागपत।

## <u>जनपद संतकबीरनगर/थाना कोतवाली खलीलाबाद</u>

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की पीली–सफेद धातु के आभूषण**
- **3100/–रूपये नगद बरामद**

दिनॉकः 16.08.2025 को थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कबीर चौरा वाले रोड पर सड़क के किनारे से अभियुक्त अजय कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी की पीली–सफेद धातु के आभूषण, 3100/–रूपये नगद बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्रान्तर्गत चोर द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली खलीलाबाद पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद आभूषण चोरी की घटना से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–अजय कुमार निवासी काजीपुर धोबी टोला मगहर थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर।

**<u>बरामदगी</u>**

1–चोरी की पीली–सफेद धातु के आभूषण।

2–3100/–रूपये नगद।

## जनपद बरेली/थाना बारादरी

- **06 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 10 दो पहिया वाहन बरामद**

दिनॉक:15.08.2025 को थाना बरादरी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 06 अभियुक्तों 1–गौतम कुमार 2–राज 3–कनिष्क 4–ध्रुव 5–कपिल 6–अरमान को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 10 दो पहिया वाहन बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना बारादरी पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–गौतम कुमार निवासी मोहल्ला गायत्रीनगर थाना इज्जतनगर जनपद बरेली।
2–राज निवासी जोगी नवादा थाना बारादरी जनपद बरेली।
3–कनिष्क निवासी शास्त्रीनगर थाना प्रेमनगर जनपद बरेली।
4–ध्रुव जोगी निवासी नवादा थाना बारादरी जनपद बरेली।
5–कपिल निवासी संजयनगर थाना बारादरी जनपद बरेली।
6–अरमान निवासी हजियापुर थाना बारादरी जनपद बरेली।

**बरामदगी**

1–चोरी की 10 दो पहिया वाहन।

## जनपद संतकबीरनगर/थाना कोतवाली खलीलाबाद

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की घटनाओं का अनावरण**
- **चोरी की 02 मोटर साइकिल**
- **19 हजार 100 रूपये नगद**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनॉक: 15.08.2025 को थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर यात्री विश्राम शेड के पास से 04 अभियुक्तों 1–यश 2–पंकज कुमार 3–शेखर

4–मुराली को गिरफ्तार कर चोरी की घटनाओं का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 02 मोटर साइकिल, 19 हजार 100 रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली खलीलाबाद पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त की गिरफ्तारी व माल की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद वाहन आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–यश निवासी ग्राम गौरा थाना महुली जनपद संतकबीरनगर।

2–पंकज कुमार निवासी ग्राम गौरा थाना महुली जनपद संतकबीरनगर।

3–शेखर निवासी उन विलाई उर्फ ओनीआ थाना महुली जनपद संतकबीरनगर।

4–मुराली निवासी ग्राम गौरा थाना महुली जनपद संतकबीरनगर।

**बरामदगी**

1–चोरी की 02 मोटर साइकिल।

2–19 हजार 100 रूपये नगद।

3–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

| दिनांक 16.08.2025 |
| --- |
| प्रेस विज्ञप्ति 25/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**श्री कृष्ण जन्मोत्सव के पावन अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया**

**मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 श्री योगी आदित्यनाथ जी** द्वारा श्री कृष्ण जन्मोत्सव के पावन अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन लखनऊ में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री जी उ0प्र0 द्वारा प्रदेश वासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई दी गयी।

कार्यक्रम में प्रमुख सचिव गृह उ0प्र0 शासन श्री संजय प्रसाद एवं **पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 श्री राजीव कृष्णा** द्वारा मा0 मुख्यमंत्री जी को अंग वस्त्र एवं पुलिस कमि"नर लखनऊ द्वारा भगवान श्रीकृष्ण जी की प्रतिमा भेट की गयी।

मा0 मुख्यमंत्री जी उ0प्र0 द्वारा अपने उद्‌बोधन में भगवान श्रीकृष्ण के आर्दशो को अपने कर्तव्य का हिस्सा बनाने और समाज में शान्ति व सौहार्द स्थापित करने का आ्वाहन करते हुये कहा गया कि, ''पुलिस समाज की रीढ़ है उनकी भूमिका केवल कानून.–व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि वे समाज में सौहार्द और एकता को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। भगवान श्रीकृष्ण का अवतार न केवल एक उत्सव है, बल्कि यह पुलिस कर्मियों एवं आम नागरिकों के लिये राष्ट्रीय कर्तव्यों के प्रति प्रेरणा का स्रोत है। पुलिस का यह दायित्व है कि वह नकारात्मक ताकतों को पूरी तरह दरकिनार कर समाज को एकता और शांति के पथ पर अग्रसर करे''।

अन्त में मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा थानों, पुलिस लाइनों और प्रशिक्षण केंद्रों में जन्माष्टमी के भव्य आयोजनों की सराहना की गयी, जो पुलिस परिवार की एकजुटता एवं उत्साह को दर्शाते है।

इस अवसर पर प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री/मा0 राज्य सभा सांसद डा0 दिनेश शर्मा जी, जलशक्ति मंत्री उ0प्र0 सरकार श्री स्वतंत्रदेव सिंह जी, शासन एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारीगण सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहें।

तत्पश्चात **श्री राजीव कृष्णा पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 महोदय** द्वारा पुलिस टेलीकॉम मुख्यालय महानगर व 35वी बटालियन पीएसी महानगर में आयोजित श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित होकर पूजा अर्चना की गयी तथा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व की प्रदेश के समस्त पुलिस कर्मियों को बधाई एवं शुभकमानायें दी गयी।




2025


2025


श्री कृष्ण








FUTURE